अंसर ASER
Evidence for Action

Pratham

भारत में लगभग सभी बच्चे
विद्यालय में नामांकित हैं।
आईए हम मिलकर
यह सुनिश्चित करें
कि वे सभी अच्छे से सीखें।


### कक्षा-II स्तर का पाठ

रानी की उम्र दस वर्ष है। उसका एक भाई है। वे विद्यालय जाने के लिए तैयार हो रहे हैं। उसने स्नान कर लिया है और अपने बालों में कंघी कर ली है। उसके भाई ने उसके बैग में पुस्तकें रख दी हैं। उनका विद्यालय घर से बहुत दूर है। दोनों प्रतिदिन पैदल विद्यालय जाते हैं।

### कक्षा-II स्तर का गणित

$$\begin{array}{r} 51 \\ -35 \\ \hline \\ \hline \end{array}$$

$$\begin{array}{r} 84 \\ -49 \\ \hline \\ \hline \end{array}$$



अधिक जानकारी के लिए, सम्पर्क करें: असर सेन्टर, बी4/59, सफ़दरजंग इनक्लेव, नई दिल्ली - 110029 फोन नं0: 011-46023612

# विषय-सूची


1. बच्चे विद्यालय जा रहे हैं पर क्या वे सरल पाठ पढ़ सकते हैं और बुनियादी गणित कर सकते हैं?....1
2. क्या बच्चे एक सरल कहानी पढ़ सकते हैं एवं सरल घटाव के प्रश्न हल कर सकते हैं?....2
3. असर मूल्यांकन कार्य-पठन....3
4. पढ़ने की जाँच कैसे करें?....4
5. असर मूल्यांकन कार्य-गणित....5
6. गणित की जाँच कैसे करें?....6
7. असर टेस्टिंग टूल....7
8. जाँच संकलन प्रपत्र का नमूना....15
9. जाँच संकलन प्रपत्र....16-20
10. विद्यालय रिपोर्ट कार्ड का नमूना....21
11. विद्यालय रिपोर्ट कार्ड....22
12. विद्यालय रिपोर्ट कर विशलेषण कैसे करें....24
13. शिक्षक क्या कर सकते हैं? समय है कदम बढ़ाने का!....25
14. अभिभावक एवं समुदाय क्या कर सकते हैं?....26

# बच्चे विद्यालय जा रहे हैं पर क्या वे सरल पाठ पढ़ सकते हैं और बुनियादी गणित कर सकते हैं?

## बच्चे विद्यालय में नामांकित हैं




समूचे भारत में 6-14 आयु वर्ग के 97% से अधिक बच्चे विद्यालय में नामांकित हैं।*

## असंतोषजनक बुनियादी अधिगम स्तर एक समस्या है।



भारत के आँकड़े यह दिखाते हैं कि कक्षा 5 के लगभग आधे छात्र एक सरल कहानी नहीं पढ़ सकते हैं एवं सरल घटाव के प्रश्न हल नहीं कर सकते हैं।*




## परन्तु क्या बच्चे सीख रहें हैं?



आईए हम बच्चों की अच्छे से सीखने में सहायता करें।

*असर 2018
ऐनुअल स्टेटस ऑफ़ एज्युकेशन रिपोर्ट (असर) एक देशव्यापी सर्वे है जो की प्रत्येक वर्ष भारत के सभी ग्रामीण ज़िलों में किया जाता है। यह बच्चों के सिखने के स्तर का आंकलन करता है। यह भारत के सभी ग्रामीण ज़िलों और राज्यों के लिए बुनियादी पढ़ने और गणित में बच्चों की शिक्षा के स्तर का विश्वसनीय अनुमान लगाता है।

# क्या बच्चे एक सरल कहानी पढ़ सकते हैं एवं सरल घटाव के प्रश्न हल कर सकते हैं?

**इस पुस्तिका के प्रयोग से कोई भी – माता-पिता, शिक्षक या अन्य कोई इच्छुक व्यक्ति – बच्चों के बुनियादी पठन और गणित करने के कौशल का पता लगा सकता है।**

## जाँच और परिणाम संकलन करने की प्रक्रिया

**चरण 1**
बच्चों की पहचान करना

**चरण 2**
पुस्तिका में दिए गए टूल के उपयोग से उनकी जाँच करना

**चरण 3**
पुस्तिका में दिए गए प्रपत्र में जाँच के परिणामों का संकलन करना

**चरण 4**
परिणामों का विश्लेषण कर जरूरी कदम उठाना

**चरण 5**
समय–समय पर बच्चों की प्रगति की जाँच करना

- इस पुस्तिका में टेस्ट सैम्पल दिए गए हैं जो असर सर्वेक्षण में उपयोग किए गए टूल पर आधारित हैं। यह टूल सभी मुख्य भारतीय भाषाओं में उपलब्ध है। इस टूल के आधार पर असर 5-16 आयु वर्ग के बच्चों का मूल्यांकन करता है।
- इस पुस्तिका में कक्षा के अनुसार बच्चों के अधिगम स्तर को रिकार्ड करने के प्रपत्र भी दिए गए हैं।
- यह टूल और प्रपत्र उच्च कक्षा के बच्चों की जाँच करने के लिए भी प्रयोग किया जा सकता है।
- स्कूल रिपोर्ट कार्ड बन जाने पर, उसके परिणामों के आधार पर यह योजना बनाई जा सकती है कि बच्चों के पढ़ने और गणित करने के बुनियादी स्तर को सुधारने में कैसे उनकी मदद की जाए।

# असर मूल्यांकन कार्य - पठन

परीक्षण प्रक्रिया असर के मुख्य सवाल - "क्या बच्चे बुनियादी पठन और गणितीय कौशल सीख पा रहें हैं ?" का जवाब देती है। यह प्रक्रिया इस प्रकार बनाई गई है कि प्रत्येक बच्चे द्वारा आराम से हासिल उच्चतम स्तर को रिकॉर्ड किया जा सके। मतलब, कक्षा-स्तरीय दक्षताओं का परीक्षण करने के बजाय, असर बुनियादी शिक्षा पर केंद्रित एक 'फ्लोर टेस्ट' है।

5-16 आयु वर्ग के सभी बच्चों के परीक्षण में एक ही टूल का उपयोग किया जाता है, चाहे उनकी उम्र, कक्षा या नामांकन की स्थिति कुछ भी हो। बच्चों का मूल्यांकन बुनियादी पठन और सरल गणित के आधार पर किया जाता है।

असर की परीक्षण प्रक्रिया में विभिन्न उपाय शामिल हैं जो प्रत्येक बच्चे के सर्वोत्तम स्तर का पता लगाना सुनिश्चित करते हैं। सर्वेक्षकों को बच्चों के साथ तालमेल बनाने के लिए स्वछन्द और उत्साहवर्धक वातावरण का निर्माण करने के लिए प्रशिक्षित किया गया है। परीक्षण बच्चे की स्थानीय भाषा में किया जाता है। मूल्यांकन के प्रत्येक कार्य को करने के लिए बच्चों को उनकी आवश्यकतानुसार समय दिया जाता है। परीक्षण प्रक्रिया बच्चों की क्षमता के अनुकूल विकसित की गई है ताकि उन्हें सभी स्तरों पर प्रयास न करना पड़े। इस प्रकार, इस परीक्षण डिजाइन के मूल में बच्चे की सुविधा और उसके उच्चतम प्रदर्शन को सटीक रूप से रिकॉर्ड करने की प्रतिबद्धता है।

अगले पृष्ठों पर बुनियादी पठन और गणित में प्रत्येक बच्चे के मूल्यांकन के लिए असर की परीक्षण प्रक्रिया की रूपरेखा दी गई हैं।

सभी बच्चों का मूल्यांकन सरल पठन टूल का उपयोग करके किया जाता है। पठन परीक्षण में 4 कार्य हैं:

- अक्षर: सामान्यत: प्रयुक्त अक्षरों का समूह।
- शब्द: 2 अक्षर और 1 या 2 मात्र वाले सामान्य, परिचित शब्द।
- कक्षा I स्तर का पाठ (अनुच्छेद): 4 सरल और जुड़े हुए वाक्यों का समूह, प्रत्येक वाक्य में 6 से अधिक शब्द नहीं हैं। ये शब्द (या उसके समकक्ष) राज्यों की कक्षा I की पाठ्यपुस्तकों में हैं।
- कक्षा II स्तर का पाठ (कहानी): 7–10 वाक्यों वाली संक्षिप्त कहानी। वाक्य संरचना सीधी हैं, शब्द सामान्य हैं और संदर्भ बच्चों के लिए परिचित हैं। ये शब्द (या उसके समकक्ष) सभी राज्यों में उपयोग की जाने वाली कक्षा II की पाठ्यपुस्तकों में हैं।

प्रत्येक क्षेत्रीय भाषा में पठन टूल विकसित करते समय यह ध्यान रखा जाता है कि निम्नलिखित सुनिश्चित हो:

- पिछले वर्षों के टूल के साथ शब्द संख्या, वाक्य संख्या, शब्दों के प्रकार और शब्दों में संयुक्ताक्षरों के संबंध में तुलनात्मकता।
- राज्यों की कक्षा I और कक्षा II की भाषा पाठ्यपुस्तकों में प्रयुक्त शब्दावली और वाक्य संरचना के साथ अनुरूपता।
- व्यापक फील्ड परीक्षण के माध्यम से स्थापित शब्दों और सन्दर्भ की परिचितता।

# पढ़ने की जाँच कैसे करें?

शुरू यहाँ से करें:

## पढ़ने की जाँच कैसे करें

बच्चे को दिए गए अनुच्छेद को पढ़ने को कहें।
बच्चे को उंगली रखकर अनुच्छेद पढ़ने को कहें। बच्चा कैसे पढ़ता है यह ध्यान से सुनें।

बच्चा 'अनुच्छेद स्तर' पर नहीं हैं यदि वह:

- अनुच्छेद को अलग–अलग शब्द की तरह पढ़े न कि वाक्यों की तरह।
- अनुच्छेद को अटक–अटक कर पढ़े और अक्सर रुक जाए।
- अनुच्छेद को धाराप्रवाह पढ़े पर 3 से ज़्यादा गलतियाँ करे।

यदि बच्चा 'अनुच्छेद स्तर' पर नहीं है, तो उसे शब्द पढ़ने को कहें।

बच्चा 'अनुच्छेद स्तर' पर है यदि वह:

- अनुच्छेद को अलग–अलग शब्दों की तरह न पढ़कर वाक्यों की तरह पढ़े।
- अनुच्छेद को धाराप्रवाह और आसानी से पढ़ ले भले ही वह धीरे–धीरे पढ़े।
- पूरे अनुच्छेद को पढ़ने में 3 या 3 से कम गलतियाँ करे।

यदि बच्चा अनुच्छेद पढ़ सकता है, तो उसे कहानी पढ़ने को कहें।

## शब्द

बच्चे को शब्दों की सूची में से कोई भी 5 शब्द पढ़ने को कहें। उसे शब्दों को स्वयं चुनने दें। यदि वह नहीं चुनता है, तो आप शब्दों की सूची में से कोई भी 5 शब्द उसे एक–एक करके पढ़ने को दें।
बच्चा 'शब्द स्तर' पर है, यदि वह 5 में से कम से कम 4 शब्द सही पढ़े।

यदि बच्चा 'शब्द स्तर' पर है, तो उसे पुनः वही अनुच्छेद पढ़ने को कहें और अनुच्छेद स्तर के निर्देशों का पालन करें।
यदि बच्चा 5 में से कम से कम 4 शब्द पढ़ सकता है, लेकिन अभी भी अनुच्छेद धाराप्रवाह और आसानी से नहीं पढ़ पाता है, तो उसे 'शब्द स्तर' पर चिन्हित करें।
यदि बच्चा 'शब्द स्तर' पर नहीं है (5 में से कम से कम 4 शब्द भी नहीं पढ़ सकता है), तो उसे अक्षर पढ़ने को दें।

## कक्षा II स्तर का पाठ (कहानी)

बच्चे को उंगली रखकर कहानी पढ़ने को कहें।
बच्चा 'कहानी स्तर' पर है यदि वह:

- कहानी को अलग–अलग शब्दों की तरह न पढ़कर वाक्यों की तरह पढ़े।
- कहानी को धाराप्रवाह और आसानी से पढ़ ले भले ही वह धीरे–धीरे पढ़े।
- पूरी कहानी को पढ़ने में 3 या 3 से कम गलतियाँ करे।

यदि बच्चा कहानी पढ़ सकता है, तो उसे 'कहानी स्तर' पर चिन्हित करें।
यदि बच्चा 'कहानी स्तर' पर नहीं है, तो उसे 'अनुच्छेद स्तर' पर चिन्हित करें।

## अक्षर

बच्चे को अक्षरों की सूची में से कोई भी 5 अक्षर पढ़ने को कहें।
बच्चे को अक्षरों को स्वयं चुनने दें। यदि बच्चा नहीं चुनता है, तो आप अक्षरों की सूची में से कोई भी 5 अक्षर उसे एक–एक करके पढ़ने को दें।
बच्चा 'अक्षर स्तर' पर है यदि वह 5 में से कम से कम 4 अक्षर सही पढ़े।

यदि बच्चा 'अक्षर स्तर' पर है, तो उसे पुनः शब्द पढ़ने को दें और शब्द स्तर के निर्देशों का पालन करें।
यदि बच्चा 5 में से कम से कम 4 अक्षरों को पढ़ सकता है, लेकिन अभी भी शब्द सही न पढ़ पाता है, तो उसे 'अक्षर स्तर' पर चिन्हित करें।
यदि बच्चा 'अक्षर स्तर' पर नहीं है (5 में से 4 अक्षर भी सही नहीं पढ़ सकता है), तो उसे 'प्रारंभिक स्तर' पर चिन्हित करें।

# असर मूल्यांकन कार्य - गणित

सभी बच्चों का मूल्यांकन एक सरल गणितीय टूल का उपयोग करके किया जाता है। गणितीय परीक्षण में 4 कार्य हैं:

- संख्या पहचान 1-9
- संख्या पहचान 11-99
- घटाव: 2 अंकों का हासिल के साथ
- भाग: 3 अंकों का 1 अंक से शेषफल के साथ

असर आयु वर्ग के लिए गणितीय टूल विकसित करते समय यह ध्यान रखा गया है कि राज्य की कक्षा I, II और III/IV की पाठ्यपुस्तकों में क्रमशः संख्या पहचान, घटाव (हासिल के साथ) और भाग (3 अंकों का 1 अंक से) के लिए परिभाषित शैक्षणिक प्रतिफल के अनुरूप हो ।



# गणित की जाँच कैसे करें?

शुरू यहाँ से करें:

## घटाव: 2 अंकों का हासिल के साथ

बच्चे से घटाव के 2 सवाल हल करवाने हैं। बच्चे को घटाव के सवाल दिखाएँ। बच्चे को पहले कोई एक सवाल स्वयं चुनने दें। यदि वह नहीं चुनता है, तो आप एक सवाल चुनें।

बच्चे से सवाल में दी गई संख्याएँ पूछें और फिर उसे घटाव का चिन्ह पहचानने को कहें।

यदि बच्चा संख्याएँ और चिन्ह दोनों को पहचान लेता है, तो उसे सवाल एक सादे कागज़ पर लिखने एवं हल करने को कहें। देखें कि क्या वह उस सवाल का सही उत्तर देता है।

यदि बच्चा घटाव का पहला सवाल गलत करे तब भी उसे दूसरा सवाल दें और ऊपर बताई गई प्रक्रिया से हल करवाएँ। यदि बच्चे का दूसरा सवाल सही है, तो उसे पहले सवाल को दोबारा हल करने की कोशिश करने दें।

यदि बच्चा जल्दबाजी में सवाल हल करने में कोई मामूली सी गलती करे, तो उसे वही सवाल दोबारा हल करने को कहें।

यदि बच्चा दोनों घटाव के सवाल सही हल नहीं कर पाता है या घटाव के सवाल में दी गई संख्या या चिन्ह नहीं पहचानता है, तो उसे संख्याएँ 11-99 पहचानने को कहें।

यदि वह घटाव का एक भी सवाल गलत करे तब भी उसे संख्याएँ 11-99 पहचानने को कहे।

यदि बच्चा दोनों घटाव के सवाल सही करता है, तो उसे भाग का एक सवाल हल करने को दें।

## संख्या पहचान (11–99)

बच्चे को संख्याओं की सूची में से कोई 5 संख्याएँ पहचानने को कहें। बच्चे को स्वयं संख्या चुनने दें। यदि वह नहीं चुनता है, तो आप उसे कोई 5 संख्याएँ एक-एक करके पहचानने को कहें।

यदि वह 5 संख्याओं में से कम से कम 4 को सही पहचानता है, तो उसे 'संख्या पहचान (11-99 तक) स्तर'' पर चिन्हित करें।

यदि बच्चा 'संख्या पहचान (11-99 तक) स्तर' पर नहीं है (5 में से कम से कम 4 संख्याएँ सही नहीं पहचानता), तो उसे 1-9 अंक पहचानने को कहें।

## भाग: 3 अंकों का 1 अंक से

बच्चे से भाग का 1 सवाल करवाना है। बच्चे को भाग के सवाल दिखाएँ। उसे कोई एक सवाल स्वयं चुनने दें। यदि वह नहीं चुनता है, तो आप उसके लिए एक सवाल चुनें।

उसे सवाल लिखने और हल करने को कहें।

देखें कि वह क्या करता है। यदि वह सवाल सही हल कर पाता है, तो उसे 'भाग स्तर' पर चिहि्नत करें।

नोटः भागफल व शेषफल दोनों सही होने चाहिए।

यदि बच्चा जल्दबाजी में सवाल हल करने में कोई मामूली सी गलती करे, तो उसे वही सवाल दोबारा हल करने को कहें।

यदि वह भाग का सवाल सही हल नहीं कर पाता है, तो उसे 'घटाव स्तर' पर चिहि्नत करें।

## अंक पहचान (1–9)

बच्चे को अंको की सूची में से कोई 5 अंक पहचानने को कहें। बच्चे को स्वयं अंक चुनने दे। यदि वह नहीं चुनता है, तो आप उसे कोई 5 अंक एक–एक करके पहचानने को कहें।

यदि वह 5 अंकों में से कम से कम 4 अंक सही पहचानता है, तो उसे 'अंक पहचान (1-9 तक) स्तर'' पर चिहि्नत करें।

यदि बच्चा 'अकं पहचान (1-9 तक) स्तर' पर नहीं है (5 में से कम से कम 4 अंक सही नहीं पहचानता), तो उसे 'प्रारंभिक स्तर' पर चिन्हित करें।

सैम्पल - 1

# पढ़ने की जाँच

## अक्षर

म र थ

ह श

ल ब न

क घ

## शब्द

गाना खुश

मोती

पैर झोला

आलू

किला मोर

## कक्षा II स्तर का पाठ — कहानी

बहुत दिनों से बारिश हो रही थी। गाँव में सभी जगह गंदा पानी भर गया था। सभी बारिश के रुकने की राह देख रहे थे। अचानक एक दिन बारिश रुक गयी। सूरज निकल आया। सब लोग खुश हो गये। आसमान में चिड़ियाँ उड़ने लगीं। लोग अपने कपड़े सुखाने लगे। बच्चे भी घरों से बाहर निकलकर खेलने लगे।

## कक्षा I स्तर का पाठ — अनुच्छेद

राधा के पास एक तोता है।
उसकी चोंच लाल है।
वह बहुत बोलता है।
सब को हँसाता है।

बच्चे को यह टूल पढ़ने को कहें और बच्चा जो भी पढ़ सकता है उसके अनुसार सबसे उच्चतम स्तर को नोट करें।

सैम्पल - 1

# गणित की जाँच

कक्षा III/IV स्तर का भाग

| अंक पहचान 1—9 | | संख्या पहचान 11—99 | | घटाव | | भाग |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 7 | 65 | 38 | 51 − 35 | 67 − 48 | 7 ) 918 ( |
| 1 | 4 | 92 | 23 | 84 − 49 | 73 − 36 | 6 ) 769 ( |
| 8 | 9 | 47 | 72 | 56 − 37 | 31 − 13 | 8 ) 987 ( |
| 5 | 2 | 56 | 87 | 45 − 18 | 43 − 24 | 4 ) 513 ( |
| | | 29 | 11 | | | |

सैम्पल - 2

## पढ़ने की जाँच

**अक्षर**

| | | |
|---|---|---|
| द | च | क |
| ब | ल | |
| थ | ह | त |
| म | ख | |

**शब्द**

| | |
|---|---|
| हीरा | कैसा |
| शेर | |
| नानी | भालू |
| काम | |
| पीला | फूल |

**कक्षा ।। स्तर का पाठ** — **कहानी**

सावन का महीना था। आसमान में बहुत से काले बादल छाये थे। ठंडी-ठंडी हवा चल रही थी। मैंने सोचा, आज झूला झूलते हैं। बड़े भैया एक मोटी सी रस्सी लेकर आये। हमने उसे पेड़ से लटका कर झूला बनाया। सब ने मिलकर खूब झूला झूला। बहुत सारे बच्चे आकर मज़े से खेलने लगे। खेलते-खेलते रात हो गयी।

**कक्षा । स्तर का पाठ** — **अनुच्छेद**

सोनी के पास एक माला है।
उसमें बहुत सारे मोती है।
मोती पीले रंग के हैं।
सोनी उसे पहनती है।

बच्चे को यह टूल पढ़ने को कहें और बच्चा जो भी पढ़ सकता है उसके अनुसार सबसे उच्चतम स्तर को नोट करें।

सैम्पल - 2

# गणित की जाँच

कक्षा III/IV स्तर का भाग

| अंक पहचान 1–9 | | संख्या पहचान 11–99 | | घटाव | | भाग |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 7 | 76 | 58 | 74 − 56 | 63 − 34 | 8 ) 993 ( |
| 3 | 5 | 69 | 99 | 47 − 29 | 84 − 35 | 6 ) 758 ( |
| 9 | 8 | 34 | 61 | 41 − 15 | 32 − 14 | 7 ) 865 ( |
| 4 | 1 | 46 | 84 | 36 − 18 | 68 − 49 | 4 ) 658 ( |
| | | 25 | 68 | | | |

सैम्पल - 3

## पढ़ने की जाँच

**अक्षर**

न र च
म स
प ग द
ल थ

**शब्द**

आग सोच
ताला
गिर पैसा
देश
पानी बूढ़ा

**कक्षा । स्तर का पाठ** — **अनुच्छेद**

बग़ीचे में एक पेड़ है।
पेड़ पर एक तोता रहता है।
तोते का रंग हरा है।
वह लाल टमाटर खाता है।

**कक्षा ॥ स्तर का पाठ** — **कहानी**

रामपुर में कुछ ज़मीन ख़ाली थी। वहाँ कुछ नहीं उगता था। वहाँ कोई खेलने नहीं जाता था। एक दिन कुछ लोग आये। उन्होंने गाँव के लोगों को बुलाया। सबने मिलकर तय किया कि यहाँ बग़ीचा बनाया जाये। खाद मंगाकर हर तरह के पौधे लगाये गये। सही समय पर पानी दिया गया। आज वहाँ एक सुंदर बग़ीचा है। इसलिए वहाँ सब खेलने जाते हैं।

बच्चे को यह टूल पढ़ने को कहें और बच्चा जो भी पढ़ सकता है उसके अनुसार सबसे उच्चतम स्तर को नोट करें।

सैम्पल - 3

# गणित की जाँच

कक्षा III/IV स्तर का भाग

| अंक पहचान 1—9 | | संख्या पहचान 11–99 | | घटाव | | भाग |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 4 | 52 | 83 | 56 − 29 | 64 − 39 | 8 ) 979 ( |
| 7 | 3 | 37 | 27 | 43 − 28 | 45 − 17 | 6 ) 823 ( |
| 6 | 9 | 55 | 28 | 93 − 76 | 75 − 57 | 7 ) 975 ( |
| 5 | 2 | 91 | 65 | 52 − 15 | 66 − 49 | 4 ) 513 ( |
| | | 36 | 43 | | | |

सैम्पल - 4

# पढ़ने की जाँच

**अक्षर**

द क च

ब ल

थ ह त

म ख

**शब्द**

नाक तोता

चूहा

धुन मैना

देर

रोटी पीला

**कक्षा I स्तर का पाठ** — **अनुच्छेद**

नीतू के घर में गाय है।
उसका रंग सफ़ेद है।
गाय हरी घास खाती है।
वह बहुत दूध देती है।

**कक्षा II स्तर का पाठ** — **कहानी**

विमला और अजय मेला देखने गये। उन्हें मेले में तरह-तरह की दुकाने दिखीं। मेले में बहुत झूले थे। वहाँ गरम-गरम हलवा और जलेबियाँ भी बिक रहीं थीं। जलेबी देखकर दोनों के मुँह में पानी आने लगा। उनका जलेबी खाने का मन किया। विमला ने जलेबी खरीदी। दोनों दोस्तों ने मिलकर जलेबी खाई। शाम को दोनों घर लौट आये।

बच्चे को यह टूल पढ़ने को कहें और बच्चा जो भी पढ़ सकता है उसके अनुसार सबसे उच्चतम स्तर को नोट करें।

सैम्पल - 4

# गणित की जाँच

कक्षा III/IV स्तर का भाग

| अंक पहचान 1—9 | | संख्या पहचान 11–99 | | घटाव | | भाग |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 7 | 71 | 24 | 63 − 44 | 41 − 13 | 7 ) 898 ( |
| 8 | 4 | 92 | 86 | 92 − 48 | 71 − 35 | 4 ) 659 ( |
| 2 | 9 | 23 | 79 | 45 − 26 | 34 − 18 | 8 ) 946 ( |
| 3 | 1 | 37 | 61 | 43 − 29 | 46 − 17 | 6 ) 757 ( |
| | | 58 | 14 | | | |

# जाँच संकलन प्रपत्र का नमूना

इस प्रपत्र का भरा हुआ एक नमूना यहाँ दिया गया है। इसे देखकर आप यह पता कर सकते हैं कि बच्चों की जानकारी कैसे भरनी है। पढ़ने और गणित में बच्चा जिस स्तर तक आसानी से पहुँच पाता है उसको उसी उच्चतम स्तर पर चिन्हित करें। फिर प्रत्येक बच्चे की कुल संख्या जोड़कर जाँच संकलन प्रपत्र की अंतिम पंक्ति में भरें। इस प्रपत्र के उपयोग से आप यह आंकलन कक्षा के अनुसार एक विद्यालय के लिए कर सकते हैं।

| गाँव का नाम : डोगरी | | | | विद्यालय का नाम : प्रा. शाला डोगरी | | | | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| कक्षा : III | जाँच का दिनांक : 03-02-2023 | | | पढ़ने का स्तर (उच्चतम स्तर पर ही सही (✓) का चिन्ह लगाएँ) | | | | | गणित का स्तर (उच्चतम स्तर पर ही सही (✓) का चिन्ह लगाएँ) | | | | |
| क्रम संख्या | बच्चे का नाम | आयु | लिंग (M/F) | प्रारम्भिक | अक्षर | शब्द | अनुच्छेद | कहानी | प्रारम्भिक | अंक पहचान (1-9) | संख्या पहचान (11-99) | घटाव | भाग |
| 1. | रामू | 6 | M | | ✓ | | | | | ✓ | | | |
| 2. | श्याम | 7 | M | | | ✓ | | | | | ✓ | | |
| 3. | रीना | 8 | F | | ✓ | | | | ✓ | | | | |
| 4. | मुकेश | 8 | M | | | | ✓ | | | | | ✓ | |
| 5. | मोहन | 7 | M | ✓ | | | | | | ✓ | | | |
| 6. | मनोज | 6 | M | | | | | ✓ | | | ✓ | | |
| 7. | मीना | 9 | F | | | | | ✓ | | | | | ✓ |
| 8. | राजेश | 6 | M | | | | ✓ | | | | | ✓ | |
| 9. | राहुल | 8 | M | | | ✓ | | | | | ✓ | | |
| 10. | बीना | 8 | F | | | | | ✓ | | | ✓ | | |
| **कुल** | | | | **1** | **2** | **2** | **2** | **3** | **1** | **2** | **4** | **2** | **1** |

SAMPLE

# जाँच संकलन प्रपत्र

| | | | | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| गाँव का नाम : | | | | विद्यालय का नाम : | | | | | | | | | |
| कक्षा : | | जाँच का दिनांक : | | **पढ़ने का स्तर** (उच्चतम स्तर पर ही सही (✓) का चिन्ह लगाएँ) | | | | | **गणित का स्तर** (उच्चतम स्तर पर ही सही (✓) का चिन्ह लगाएँ) | | | | |
| क्रम संख्या | बच्चे का नाम | आयु | लिंग (M/F) | प्रारम्भिक | अक्षर | शब्द | अनुच्छेद | कहानी | प्रारम्भिक | अंक पहचान (1-9) | संख्या पहचान (11-99) | घटाव | भाग |
| | | | | | | | | | | | | | |
| | | | | | | | | | | | | | |
| | | | | | | | | | | | | | |
| | | | | | | | | | | | | | |
| | | | | | | | | | | | | | |
| | | | | | | | | | | | | | |
| | | | | | | | | | | | | | |
| | | | | | | | | | | | | | |
| | | | | | | | | | | | | | |
| | | | | | | | | | | | | | |
| | | | | | | | | | | | | | |
| | | | | | | | | | | | | | |
| | | | | | | | | | | | | | |
| | | | | | | | | | | | | | |
| | | | | | | | | | | | | | |
| | | | | | | | | | | | | | |
| **कुल** | | | | | | | | | | | | | |

***नोट : भाषा और गणित में 5 स्तर दिए गए हैं। प्रत्येक बच्चे के लिए उसके भाषा पढ़ पाने और गणित कर पाने के उच्चतम स्तर पर चिन्हित करें।***

# जाँच संकलन प्रपत्र

गाँव का नाम :

विद्यालय का नाम :

कक्षा :

जाँच का दिनांक :

| | | | | पढ़ने का स्तर (उच्चतम स्तर पर ही सही (✓) का चिन्ह लगाएँ) | | | | | गणित का स्तर (उच्चतम स्तर पर ही सही (✓) का चिन्ह लगाएँ) | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| क्रम संख्या | बच्चे का नाम | आयु | लिंग (M/F) | प्रारम्भिक | अक्षर | शब्द | अनुच्छेद | कहानी | प्रारम्भिक | अंक पहचान (1-9) | संख्या पहचान (11-99) | घटाव | भाग |
| | | | | | | | | | | | | | |
| | | | | | | | | | | | | | |
| | | | | | | | | | | | | | |
| | | | | | | | | | | | | | |
| | | | | | | | | | | | | | |
| | | | | | | | | | | | | | |
| | | | | | | | | | | | | | |
| | | | | | | | | | | | | | |
| | | | | | | | | | | | | | |
| | | | | | | | | | | | | | |
| | | | | | | | | | | | | | |
| | | | | | | | | | | | | | |
| | | | | | | | | | | | | | |
| | | | | | | | | | | | | | |
| | | | | | | | | | | | | | |
| | | | | | | | | | | | | | |
| **कुल** | | | | | | | | | | | | | |

***नोट : भाषा और गणित में 5 स्तर दिए गए हैं। प्रत्येक बच्चे के लिए उसके भाषा पढ़ पाने और गणित कर पाने के उच्चतम स्तर पर चिन्हित करें।***

# जाँच संकलन प्रपत्र

| गाँव का नाम : | | | | विद्यालय का नाम : | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| कक्षा : | जाँच का दिनांक : | | | पढ़ने का स्तर (उच्चतम स्तर पर ही सही (✓) का चिन्ह लगाएँ) | | | | | गणित का स्तर (उच्चतम स्तर पर ही सही (✓) का चिन्ह लगाएँ) | | | | |
| क्रम संख्या | बच्चे का नाम | आयु | लिंग (M/F) | प्रारम्भिक | अक्षर | शब्द | अनुच्छेद | कहानी | प्रारम्भिक | अंक पहचान (1-9) | संख्या पहचान (11-99) | घटाव | भाग |
| | | | | | | | | | | | | | |
| | | | | | | | | | | | | | |
| | | | | | | | | | | | | | |
| | | | | | | | | | | | | | |
| | | | | | | | | | | | | | |
| | | | | | | | | | | | | | |
| | | | | | | | | | | | | | |
| | | | | | | | | | | | | | |
| | | | | | | | | | | | | | |
| | | | | | | | | | | | | | |
| | | | | | | | | | | | | | |
| | | | | | | | | | | | | | |
| | | | | | | | | | | | | | |
| | | | | | | | | | | | | | |
| | | | | | | | | | | | | | |
| | | | | | | | | | | | | | |
| **कुल** | | | | | | | | | | | | | |

***नोट : भाषा और गणित में 5 स्तर दिए गए हैं। प्रत्येक बच्चे के लिए उसके भाषा पढ़ पाने और गणित कर पाने के उच्चतम स्तर पर चिन्हित करें।***

# जाँच संकलन प्रपत्र

गाँव का नाम :

विद्यालय का नाम :

कक्षा :

जाँच का दिनांक :

| | | | | पढ़ने का स्तर (उच्चतम स्तर पर ही सही (✓) का चिन्ह लगाएँ) | | | | | गणित का स्तर (उच्चतम स्तर पर ही सही (✓) का चिन्ह लगाएँ) | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| क्रम संख्या | बच्चे का नाम | आयु | लिंग (M/F) | प्रारम्भिक | अक्षर | शब्द | अनुच्छेद | कहानी | प्रारम्भिक | अंक पहचान (1-9) | संख्या पहचान (11-99) | घटाव | भाग |
| | | | | | | | | | | | | | |
| | | | | | | | | | | | | | |
| | | | | | | | | | | | | | |
| | | | | | | | | | | | | | |
| | | | | | | | | | | | | | |
| | | | | | | | | | | | | | |
| | | | | | | | | | | | | | |
| | | | | | | | | | | | | | |
| | | | | | | | | | | | | | |
| | | | | | | | | | | | | | |
| | | | | | | | | | | | | | |
| | | | | | | | | | | | | | |
| | | | | | | | | | | | | | |
| | | | | | | | | | | | | | |
| | | | | | | | | | | | | | |
| | | | | | | | | | | | | | |
| कुल | | | | | | | | | | | | | |

*नोट : भाषा और गणित में 5 स्तर दिए गए हैं। प्रत्येक बच्चे के लिए उसके भाषा पढ़ पाने और गणित कर पाने के उच्चतम स्तर पर चिन्हित करें।*

# जाँच संकलन प्रपत्र

| गाँव का नाम : | | | | विद्यालय का नाम : | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| कक्षा : | जाँच का दिनांक : | | | **पढ़ने का स्तर** (उच्चतम स्तर पर ही सही (✓) का चिन्ह लगाएँ) | | | | | **गणित का स्तर** (उच्चतम स्तर पर ही सही (✓) का चिन्ह लगाएँ) | | | | |
| क्रम संख्या | बच्चे का नाम | आयु | लिंग (M/F) | प्रारम्भिक | अक्षर | शब्द | अनुच्छेद | कहानी | प्रारम्भिक | अंक पहचान (1-9) | संख्या पहचान (11-99) | घटाव | भाग |
| | | | | | | | | | | | | | |
| | | | | | | | | | | | | | |
| | | | | | | | | | | | | | |
| | | | | | | | | | | | | | |
| | | | | | | | | | | | | | |
| | | | | | | | | | | | | | |
| | | | | | | | | | | | | | |
| | | | | | | | | | | | | | |
| | | | | | | | | | | | | | |
| | | | | | | | | | | | | | |
| | | | | | | | | | | | | | |
| | | | | | | | | | | | | | |
| | | | | | | | | | | | | | |
| | | | | | | | | | | | | | |
| | | | | | | | | | | | | | |
| | | | | | | | | | | | | | |
| **कुल** | | | | | | | | | | | | | |

*नोट : भाषा और गणित में 5 स्तर दिए गए हैं। प्रत्येक बच्चे के लिए उसके भाषा पढ़ पाने और गणित कर पाने के उच्चतम स्तर पर चिन्हित करें।*

# विद्यालय रिपोर्ट कार्ड का नमूना

*जाँच संकलन प्रपत्र में प्रत्येक कक्षा का परिणाम लिखने के बाद, आप बच्चों की कुल संख्या उनकी कक्षा और स्तर के अनुसार विद्यालय रिपोर्ट कार्ड में लिख सकते हैं। इस तरह आप एक से अधिक विद्यालय या गाँव का रिपोर्ट कार्ड भी बना सकते हैं।*

| | |
|---|---|
| गाँव का नाम : डोगरी | विद्यालय का नाम : प्रा. शाला डोगरी |
| कक्षा : I से V | रिपोर्ट कार्ड का दिनांक : 17-02-2023 |

**पढ़ने का स्तर**

| कक्षा | जाँच किए गए बच्चों की कुल संख्या | प्रारम्भिक | अक्षर | शब्द | अनुच्छेद (कक्षा I स्तर का पाठ) | कहानी (कक्षा II स्तर का पाठ) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| कक्षा-I | 10 | 4 | 3 | 1 | 1 | 1 |
| कक्षा-II | 10 | 2 | 3 | 2 | 1 | 2 |
| कक्षा-III | 10 | 1 | 2 | 2 | 2 | 3 |
| कक्षा-IV | 10 | 1 | 1 | 2 | 2 | 4 |
| कक्षा-V | 10 | 0 | 1 | 1 | 3 | 5 |
| **कुल** | 50 | 8 | 10 | 8 | 9 | 15 |

**गणित का स्तर**

| कक्षा | जाँच किए गए बच्चों की कुल संख्या | प्रारम्भिक | अंक पहचान (1-9) | संख्या पहचान (10-99) | घटाव | भाग |
|---|---|---|---|---|---|---|
| कक्षा-I | 10 | 4 | 4 | 2 | 0 | 0 |
| कक्षा-II | 10 | 1 | 4 | 4 | 1 | 0 |
| कक्षा-III | 10 | 1 | 2 | 4 | 2 | 1 |
| कक्षा-IV | 10 | 0 | 2 | 3 | 3 | 2 |
| कक्षा-V | 10 | 0 | 1 | 3 | 2 | 4 |
| **कुल** | 50 | 6 | 13 | 16 | 8 | 7 |

# विद्यालय रिपोर्ट कार्ड

| गाँव का नाम : | विद्यालय का नाम : |
|---|---|
| कक्षा : ______ से ______ | रिपोर्ट कार्ड का दिनांक : |

| पढ़ने का स्तर | | | | | | | गणित का स्तर | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| कक्षा | जाँच किए गए बच्चों की कुल संख्या | प्रारम्भिक | अक्षर | शब्द | अनुच्छेद (कक्षा I स्तर का पाठ) | कहानी (कक्षा II स्तर का पाठ) | कक्षा | जाँच किए गए बच्चों की कुल संख्या | प्रारम्भिक | अंक पहचान (1-9) | संख्या पहचान (10-99) | घटाव | भाग |
| कक्षा-I | | | | | | | कक्षा-I | | | | | | |
| कक्षा-II | | | | | | | कक्षा-II | | | | | | |
| कक्षा-III | | | | | | | कक्षा-III | | | | | | |
| कक्षा-IV | | | | | | | कक्षा-IV | | | | | | |
| कक्षा-V | | | | | | | कक्षा-V | | | | | | |
| **कुल** | | | | | | | **कुल** | | | | | | |

***नोट : सभी कक्षाओं के जाँच संकलन प्रपत्र मिलाकर विद्यालय रिपोर्ट कार्ड बनाने के लिए इस प्रपत्र का उपयोग करें।***

# विद्यालय रिपोर्ट कार्ड

| गाँव का नाम : | विद्यालय का नाम : |
|---|---|
| कक्षा : ______ से ______ | रिपोर्ट कार्ड का दिनांक : |

**पढ़ने का स्तर**

| कक्षा | जाँच किए गए बच्चों की कुल संख्या | प्रारम्भिक | अक्षर | शब्द | अनुच्छेद (कक्षा I स्तर का पाठ) | कहानी (कक्षा II स्तर का पाठ) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| कक्षा-I | | | | | | |
| कक्षा-II | | | | | | |
| कक्षा-III | | | | | | |
| कक्षा-IV | | | | | | |
| कक्षा-V | | | | | | |
| **कुल** | | | | | | |

**गणित का स्तर**

| कक्षा | जाँच किए गए बच्चों की कुल संख्या | प्रारम्भिक | अंक पहचान (1-9) | संख्या पहचान (10-99) | घटाव | भाग |
|---|---|---|---|---|---|---|
| कक्षा-I | | | | | | |
| कक्षा-II | | | | | | |
| कक्षा-III | | | | | | |
| कक्षा-IV | | | | | | |
| कक्षा-V | | | | | | |
| **कुल** | | | | | | |

***नोट : सभी कक्षाओं के जाँच संकलन प्रपत्र मिलाकर विद्यालय रिपोर्ट कार्ड बनाने के लिए इस प्रपत्र का उपयोग करें।***

# विद्यालय रिपोर्ट कार्ड का विश्लेषण कैसे करें

प्रत्येक कक्षा में बच्चे भाषा और गणित के कुछ नए कौशल सीखते हैं जो उनको अगले अकादमिक वर्ष में आगे बढ़ने में मदद करते हैं। जैसे कि कक्षा III में बच्चों को कक्षा II के स्तर का पाठ (एक सरल कहानी) और 2–अंकीय हासिल वाला घटाव करना आना चाहिए। तभी यह कहा जा सकता है कि बच्चा कक्षा स्तर के अनुसार पढ़ सकता है। विद्यालय रिपोर्ट कार्ड का प्रयोग यह समझने के लिए किया जा सकता है कि विद्यालय में कितने बच्चे अपनी कक्षा स्तर के अनुसार पढ़ पा रहे हैं और गणित कर पा रहे हैं।

गाँव का नाम : डोगरी — स्कूल का नाम : प्रा. शाला डोगरी

कक्षा : I से V — रिपोर्ट कार्ड का दिनांक : 01-01-2020

| पढ़ने का स्तर | | | | | | | गणित का स्तर | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| कक्षा | जाँच किए गए बच्चों की कुल संख्या | प्रारम्भिक | अक्षर | शब्द | अनुच्छेद (कक्षा I स्तर का पाठ) | कहानी (कक्षा II स्तर का पाठ) | कक्षा | जाँच किए गए बच्चों की कुल संख्या | प्रारम्भिक | अंक पहचान (1-9) | संख्या पहचान (10-99) | घटाव | भाग |
| कक्षा-I | 10 | 4 | 3 | 1 | 1 | 1 | कक्षा-I | 10 | 4 | 4 | 2 | 0 | 0 |
| कक्षा-II | 10 | 2 | 3 | 2 | 1 | 2 | कक्षा-II | 10 | 1 | 4 | 4 | 1 | 0 |
| कक्षा-III | 10 | 1 | 2 | 2 | 2 | 3 | कक्षा-III | 10 | 1 | 2 | 4 | 2 | 1 |
| कक्षा-IV | 10 | 1 | 1 | 2 | 2 | 4 | कक्षा-IV | 10 | 0 | 2 | 3 | 3 | 2 |
| कक्षा-V | 10 | 0 | 1 | 1 | 3 | 5 | कक्षा-V | 10 | 0 | 1 | 3 | 2 | 4 |
| कुल | 50 | 8 | 10 | 8 | 9 | 15 | कुल | 50 | 6 | 13 | 16 | 8 | 7 |

प्रत्येक पंक्ति दी गई कक्षा में बच्चों के पढ़ने और गणित करने के स्तरों में विविधता को दर्शाती है। उदाहरण के लिए दिए गए रिपोर्ट कार्ड में पढ़ने के स्तर में कक्षा III की पंक्ति को देखें। कक्षा III में 10 में से 1 बच्चा ऐसा है जो अक्षर भी नहीं पढ़ सकता, 2 बच्चे अक्षर पढ़ सकते हैं पर शब्द या उससे अधिक नहीं, 2 बच्चे शब्द पढ़ सकते हैं पर अनुच्छेद या उससे अधिक नहीं, 2 बच्चे अनुच्छेद पढ़ सकते हैं पर कहानी या उससे अधिक नहीं, और केवल 3 ही बच्चे ऐसे हैं जो कक्षा II के स्तर की सरल कहानी पढ़ सकते हैं। हमें यह सुनिश्चित करने की आवश्यकता हैं कि कक्षा III के सभी बच्चे कहानी स्तर पर हों।


यदि आप कक्षा III, IV और V की पंक्तियों को एक साथ देखें, तो 30 में से केवल 12 बच्चे ऐसे हैं जो की कक्षा II के स्तर की कहानी पढ़ सकते हैं। अन्य सभी बच्चों को भी इस स्तर पर लाने के लिए उनकी सहायता करनी होगी। इसके लिए कक्षा स्तर से नीचे पढ़ने वाले बच्चों को उनके पढ़ने के स्तर के अनुसार समूहों में बाँटकर पढ़ाना चाहिए, न कि उनके वर्तमान में नामांकन की कक्षा के अनुसार। यह इसलिए क्योंकि जिन बच्चों को उनके कक्षा स्तर के अनुसार पढ़ना ही नहीं आता, उन्हें पाठ्यक्रम की किताबें समझ नहीं आएँगी और वे पीछे छूटते जाएँगे। यह सुनिश्चित करने के लिए कि बच्चे जब अगली कक्षा में जाएँ तब वह समझ के साथ पढ़े, उन्हें उपयुक्त विधियों एवं सामग्री का प्रयोग कर उनके पढ़ने के स्तर के अनुसार पढ़ाना होगा। गणित के लिए भी बच्चों के स्तरों का विश्लेषण इसी प्रकार किया जा सकता है। जब तक बच्चों के पास पढ़ने और गणित करने के बुनियादी कौशल नहीं होंगे, तब तक वे तरक्की नहीं कर पाएंगे।

# शिक्षक क्या कर सकते हैं?

## समय है कदम बढ़ाने का!




विद्यालय या समुदाय में बच्चों के समूह की पहचान करें।




असर टूल का उपयोग कर पता करें कि क्या वे पढ़ सकते हैं एवं बुनियादी गणित हल कर सकते हैं।




पढ़ने के स्तर के आधार पर बच्चों को समूह में बाँटें। उस स्तर के लिए उपयुक्त विधियों एवं सामग्री का उपयोग कर उन्हें पढ़ाएँ। यह कोशिश करें कि बच्चे कम से कम कक्षा II के स्तर का पाठ पढ़ सकें और बुनियादी गणित हल कर सकें।





हमें उम्मीद है कि इन प्रयासों एवं प्रोत्साहन के द्वारा कुछ ही महीनों में यह बच्चे कक्षा के अनुसार आसानी से समझ के साथ पढ़ लेंगें एवं गणित के प्रश्नों को हल कर पाएँगे।

### ध्यान देने की बातें:


- बच्चों को अधिक बातचीत करने एवं अपने विचार व्यक्त करने के लिए प्रोत्साहित करें।
- अधिक कमज़ोर बच्चों को अतिरिक्त सहायता प्रदान करें।
- बच्चों के पढ़ने की प्रक्रिया की उनके माता–पिता के साथ चर्चा करें।
- अपने लिए लक्ष्य निर्धारित करें।
- पूर्व में उपयोग किए गए टूल का ही उपयोग कर समय के दौरान बच्चों की तरक्की का पता लगाएँ। अपने द्वारा किए गए परिवर्तन को देखें।

***इस बात को सुनिश्चित करने की जिम्मेदारी लें कि बच्चों को पढ़ने और गणित करने के बुनियादी कौशल हासिल हो सकें। एक मजबूत आधार के बिना बच्चे विद्यालय में आगे नहीं बढ़ पाएँगे।***


# बच्चों की पढ़ाई को सुधारने के लिए माता-पिता क्या कर सकते हैं?




अपने बच्चों को नियमित रूप से विद्यालय भेजें।



समय–समय पर विद्यालय जाएँ। अपने बच्चे के बारे में शिक्षकों से बातचीत करें। पूछें कि घर में मदद करने के लिए आप क्या कर सकते हैं।




अपने बच्चे से पूछें कि आज उसने विद्यालय में क्या किया। सुनिश्चित करें कि वह घर पर नियमित रूप से अध्ययन करते हैं।




जब वह अपने गृहकार्य करती/करता है तो उसके साथ बैठें।

# बच्चों की पढ़ाई को सुधारने के लिए समुदाय क्या कर सकता हैं?




विद्यालय नहीं जाने वाले बच्चों के माता–पिता से बातचीत करें और उन्हें अपने बच्चों को नियमित रूप से विद्यालय भेजने के लिए प्रोत्साहित करें।



माता–पिता से अक्सर बातचीत कर पढ़ाई संबंधी स्तरों के बारे में जागरूकता तैयार करें। उन्हें टूल का उपयोग करना भी बताएँ व दिखाएँ।




बच्चों के लिए चित्रकारी प्रतियोगिता एवं विज्ञान मेला जैसी शिक्षा संबंधी गतिविधियाँ आयोजित करें, जिसमें सम्पूर्ण समुदाय भाग ले सकता है।



अतिरिक्त सहायता की जरूरत वाले बच्चों को पढ़ाने के लिए स्वेच्छा से सेवा दें।